सर्व सेवा संघ
(अखिल भारत सर्वोदय मंडल)

SARVA SEVA SANGH
(Akhil Bharat Sarvodaya Mandal)

महादेवभाई भवन, सेवाग्राम,वर्धा–442102 (महाराष्ट्र)
Mahadevbhai Bhavan, Sevagram, Wardha – 442102 (Maharashtra)
Phone No. 07152 - 284061, 284091 ; FAX : 284152
E - mail : sarvasevasangha@hotmail.com / sarvaseva.sarvodaya@gmail.com

पत्रांक नं. : T-67/148/2023-24 दिनांक : 12 अगस्त 2023

प्रेस विज्ञप्ति

गांधी विचार के खिलाफ एक ऐतिहासिक षड्यंत्र

आज दिनांक 12 अगस्त को फिर से कानून की धज्जियां उड़ाते हुए संत विनोबा भावे की प्रेरणा से स्थापित साधना केंद्र- सर्व सेवा संघ परिसर,राजघाट, वाराणसी को स्थानीय प्रशासन तथा रेलवे की जुगलबंदी से ध्वस्त किया जा रहा है। यह सोचना नादानी होगी कि स्थानीय सांसद एवं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सहमति के बिना ऐसा हो रहा है। स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री कार्यालय के इशारे पर ही यह विध्वंस रचा जा रहा है। यह घटना भारतीय इतिहास की एक शर्मनाक घटना के रूप में याद किया जाएगा। जहां गांधी, विनोवा, जयप्रकाश, दादा धर्माधिकारी, नारायण देसाई, जे सी कुमारप्पा, धीरेंद्र मजूमदार, शिवानंद, जे कृष्णमूर्ति जैसे मनीषियों की किताबों का कत्ल किया गया है। किताबें और पुस्तकालय को बर्बाद करने वाले दुर्दांत जालिम के रूप में ये सत्ताधीश जाने जाएंगे। यह बुलडोजर सत्ता का हमला है जो गांधी, विनोबा और जेपी की विरासत को नष्ट करने के इरादे से किया जा रहा है। लेकिन ऐसा संभव नहीं है। दुनिया गांधी के रास्ते पर चल पड़ी है। हमारे सत्ताधीश गांधी के रास्ते पर चलने का नाटक करते हैं। पर ये गांधी की स्मृतियों को नष्ट करने पर तुले हुए है। उनका यह पाखंड ज्यादा दिन चलने वाला नहीं है।

याद रहे वर्ष 1956 से ही वाराणसी में सर्व सेवा संघ का काम चल रहा है. 1960 के बाद 1961, 1970 में जब सर्व सेवा संघ ने रेलवे से जमीन ख़रीदा, तब यहां साधना केन्द्र परिसर का निर्माण हुआ और 1964 में साधना केंद्र का उद्घाटन पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी ने अपने कर-कमलों से किया. फिर यहां सर्व सेवा संघ का कामकाज चलने लगा. साधना केन्द्र का यह परिसर सर्वोदयी व वरिष्ठ गांधीवादी आचार्य विनोबा भावे, लोकनायक जयप्रकाश नारायण व उनकी पत्नी प्रभावती जी, अच्युत पटवर्धन, धीरेन्द्र मजुमदार, बालकोबा भावे, नवकृष्ण चौधुरी, दादा धर्माधिकारी, मनमोहन चौधुरी, नारायण देसाई, विमला ठकार, निर्मला देशपांडे, सिद्धराज ढडदा, कृष्णराज मेहता, शंकर राव देव, आचार्य राममूर्ति, के.एस.राधाकृष्ण, अमरनाथ भाई, रामचंद्र राही आदि का कर्म-स्थल रहा है. यह भी उल्लेखनीय है कि विश्व प्रसिद्ध पुस्तक 'Small is Beautiful' की रचना इसी साधना केन्द्र' परिसर में रहकर विश्वविख्यात अर्थशास्त्री प्रो.ई.एफ़.शुमाखर ने की थी.

सर्व सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदन पाल ने बताया कि आज सुबह 6:30 बजे तक बुलडोजर और भारी संख्या में पुलिसकर्मी सर्व सेवा संघ परिसर के अंदर प्रवेश कर गए और भवनों को गिराना शुरू कर दिया। उन्हें ऐसा करने का किसी भी प्रकार का अदालती आदेश हासिल नहीं है। फिर भी वैसा कर रहे हैं जो सरासर गलत है। यह लोकतंत्र, विधान एवं कानून के राज के सिद्धांत पर सीधा हमला है, यह निंदनीय है। प्रशासन की इस मनमानी का जब विरोध करने के लिए सर्व सेवा संघ के मंत्री अरविंद कुशवाहा,उत्तर प्रदेश सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष श्री राम धीरज तथा सामाजिक कार्यकर्ता नंदलाल मास्टर, फादर आनंद, जागृति राही, अनूप श्रमिक, ध्रुव राज,अनूप आचार्य,तारकेश्वर आदि को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके पहले सत्याग्रह का 63 वां दिन, 22 जुलाई 2023 को अचानक सुबह 6.30 बजे के आसपास भारी संख्या से उत्तर

प्रदेश पुलिस, रेलवे पुलिस (करीब 1000) बिना कोई सूचना के आश्रम परिसर घुसकर कोई लिखित निर्देश नहीं रहते हुए भी परिसर तुरंत खाली करने के लिये धमकी देते रहे. इसके खिलाफ जोरदार प्रतिवाद करने के कारण सर्व सेवा संघ के अध्यक्ष चंदन पाल, उत्तर प्रदेश सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष रामधीरज, प्रकाशन समिति के संयोजक अरविन्द अंजुम, नंदलाल मास्टर सह 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया था. सरकार का इस षड्यंत्र के खिलाफ आन्दोलन को समर्थन करते हुए देश के जाने-माने नेता-नेत्री मेधा पाटकर, राकेश टिकायत, योगेन्द्र यादव, डॉ.सुनीलम, आनंद कुमार आदि 10 अगस्त वाराणसी के शास्त्री घाट में आयोजित बृहत आमसभा में अपनी बात रखी. इसके अलावा श्रीमती तारा गांधी भट्टाचार्य, श्री तुषार गांधी, श्री दिग्विजय सिंह, श्री बिमान बसु, श्री अमरनाथ भाई, सुश्री राधा भट्ट आदि ने पत्र लिखकर आन्दोलन को समर्थन दिया.

प्रशासन द्वारा आज का यह हमला पूर्व नियोजित है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एसएलपी का आदेश 10 अगस्त 2023 को वेबसाइट पर अपलोड हुआ जिसमें कहा गया है कि ध्वस्तीकरण के स्थगन के लिए सिविल कोर्ट में सुनवाई हो। पर 11 अगस्त को कोर्ट जाने के बाद पता चला कि फास्ट ट्रैक कोर्ट, सीनियर डिवीजन,सिविल के जज श्री आकाश वर्मा का स्थानांतरण हो गया है। शनिवार को सिविल कोर्ट में अवकाश है। अतः यह रास्ता भी बंद है।

चंदन पाल ने गिरफ्तार साथियों का अभिनंदन करते हुए कहा है कि पूरा देश साथ खड़ा है, गांधी आदर्शों के साथ खड़ा है। हम सभी लोकतंत्र एवं मानवता के प्रति आस्था रखने वाले और गांधी, विनोबा, जयप्रकाश, डॉक्टर लोहिया, बाबा साहेब आंबेडकर के सपनों को साकार करने के लिए संघर्ष करते रहेंगे।

(चंदन पाल)
अध्यक्ष
सर्व सेवा संघ

इसके फोटोग्राफ के लिये श्री सचिन उगले – मो. 9359115293 से संपर्क कर सकते हैं.